

नवभारत 09
सतना गुरुवार, 06 नवम्बर 2025



## डीआईजी ने गुढ़ थाने का किया औचक निरीक्षण कमियों को दूर करने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 5 नवम्बर, रीवा रेंज के डीआईजी हेमंत चौहान ने गुढ़ थाना पहुंचकर औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण व्यवस्था और जनता से जुड़े मामलों की समीक्षा की.**

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने अपराधों की जांच प्रक्रिया, पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और पेट्रोलिंग व्यवस्था, लंबित मुकदमों की स्थिति तथा शिकायत निस्तारण प्रणाली का बारीकी से जायजा लिया. उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों की जांच की और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनशिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दें. साथ ही क्षेत्र में नियमित गश्त और अपराध नियंत्रण के लिए अधिक सक्रिय रहने के आदेश भी दिए.

डीआईजी कहा कि पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि अपराधों पर अंकुश लगे और जन-सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निरीक्षण इस बात का संकेत है कि प्रशासन थाना-स्तर की जवाबदेही को लेकर सख्त है. उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था में सुधार हमारी प्राथमिकता है और हर थाने में पारदर्शी तथा संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित की जाएगी. निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी शैल यादव सहित पूरा थाना स्टाफ मौजूद रहा.

# हनुमना में जगतगुरु स्वामी कृष्णाचार्य के आगमन पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब

## जगह-जगह हुआ स्वागत, पूजन के बाद निकाली गई शोभा यात्रा

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 5 नवम्बर, एकदिवसीय प्रवासपर हनुमान पहुंचे उत्तराखंड पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य पूज्यपाद स्वामी कृष्णाचार्य जी महाराज के आगमन पर समूचे नगर को जहां दुल्हन की भांति सजाया गया था.**

शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की आस्था का जन सैलाब इस कदर उमड़ा कि लोग एक झलक पाकर अपने आप को धन्य धन्य समझते रहे जो जहां देखा वहीं से साष्टांग प्रणाम करते हुए माला को लेकर अपने सदगुरुदेव के स्वागत में दौड़ पड़ा. उल्लेखनीय है कि परमपूज्य उत्तराखंड पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी श्रीकृष्णाचार्य जी महाराज 3 नवंबर को प्रात: 9:00 बजे दिल्ली से



चलकर प्रयागराज के रास्ते हनुमान जैसे ही नगर में प्रवेश हुआ. थाने के सामने भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पलक पांडे बेचकर गाजे बाजे के साथ स्वागत करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया रथ पर सवार होकर स्वामी जी महाराज पहले लोगों सीताराम केसरवानी के मकान में रुके जहां आप भी स्वागत अभिनंदन व पूजन के बाद 12:00 बजे से शोभायात्रा प्रारंभ हुई स्वामी जी महाराज हजारों श्रद्धालुओं के गगन भेदी जयकारों के बीच रथ पर सवार होकर लोगों का अभिवाद न स्वागत अभिनंदन स्वीकार करते हुए दर्शन देते हुए नगर आराध्य श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर पहुंचे जहां हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना के पश्चात पुन: रथ पर सवार होकर वापस आए सर एजेंसी में आयोजित आशीर्वचन समारोह में सम्मिलित हुए स्वामी जी महाराज का यजुर्वेदी ब्राह्मणों द्वारा यजुर्वेद के दिव्य मंत्रो से स्वस्ति आदि के साथ दिव्या पूजा अर्चना की गई.

इस दौरान स्वामी जी महाराज समयाभाव के बावजूद कुछ श्रद्धालुओं के विशेष आग्रह पर उनके घरों में पधरावनी किये. जगद्गुरू कृष्णाचार्य आयशर एजेंसी में आयोजित आशीर्वाद समारोह के दौरान पूज्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि हनुमान तथा बिंध्य क्षेत्र में श्री वैष्णवता का बीज स्वामी माधवाचार्य जी जैसे परम तपस्वी संत ने विषम परिस्थितियों में बोकर फसल को लहलगाया था. लेकिन उनके बैकुंठवास होने के बाद परम भागवत सरयू प्रसाद वैद्य ने मुझे एक आने का पोस्टकार्ड में आग्रह भरा पत्र भेजा था मुझे लगा किसी संत ने इतनी मेहनत कर फसल को बोया है तो फसल सूखने नहीं चाहिए उसको खाद पानी देना मेरा कर्तव्य है और बैद्यजी के उस आमंत्रण को स्वीकारकर मैं पहली बार हनुमान आया था आज प्रणाम समूचे नगर में श्री वैष्णावता की लहलहाती फसल को देखकर अतीव आनंद का अनुभव होता है. पूज्य जगतगुरु स्वामी जी महाराज श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय स्थित दिव्य श्रीबैकुण्ठम में भी पधारे. शोभायात्रा में वैश्य महा सम्मेलन के जिला अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष क्रमश: शैलजा गुप्ता रमेश जायसवाल सुशील गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे.



## वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाकर भेजा गया सर्वाधिक फार्म

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 5 नवम्बर, राष्ट्रव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के मार्गदर्शन पर मऊगंज ब्लाक के अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया गया.**

मऊगंज ब्लाक से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर जाकर वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कराया गया. मऊगंज से सर्वाधिक फॉर्म पूर्व पार्षद बारिश खान वार्ड 10 के द्वारा करीबन 1200 सदस्यों का हस्ताक्षर कराके जमा किए गए. वहीं पर अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेख मुख्तार सिद्दीकी के द्वारा 850 सदस्यों का हस्ताक्षर कराया गया. इसके अलावा मृत्युंजय चतुर्वेदी के द्वारा 570 सदस्यों का हस्ताक्षर कराया गया. कार्यकर्ताओं ने भी अभियान चलाया. जिसमें मऊगंज ब्लॉक से 4700 सदस्यों ने हस्ताक्षर कर वोट चोर गद्दी छोड़ के समर्थन में सहभागी बने. हस्ताक्षर किए गए फॉर्म आज जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यालय प्रभारी पूर्व पार्षद बारिश खान के द्वारा एकत्रित कर भोपाल भेजा गया.

## 27 वर्षों से संचालित हो रहा है कवि सम्मेलन हनुमना में

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 5 नवम्बर, जिले के हनुमना कार्यक्रम के संयोजक दिव्याकांत त्रिपाठी ने बताया कि हनुमना नगर के सहयोग द्वारा 27 वर्षों से धर्मशाला प्रांगण में कवि सम्मेलन संचालित किया जा रहा है.**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, वशिष्ठ अतिथि पद्मेश गौतम एवं हीरालाल कोल होगे. कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा प्रवक्ता उपस्थित रहेंगे. इस कार्यक्रम के आयोजक एवं संयोजक दिव्याकांत त्रिपाठी ने समाचार के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण श्रोताओं से निवेदन एवं अपील किया है कि 8 नवंबर दिन शनिवार को शाम 8:00 बजे से धर्मशाला प्रांगण पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाए.

# त्योंथर विधायक ने लोगों की सुनी समस्याएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने विश्राम गृह त्योंथर पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया. इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए.**

विधायक ने जनसुनवाई में आमजन से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और अधिकारियों से भी जानकारी ली. उन्होंने सभी प्रकार के लम्बित प्रकरणों को बिना देरी के निबटाने करने के निर्देश दिए. जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्यायें और शिकायतें लेकर पहुंचे थे त्योंथर में विधायक द्वारा लम्बे समय से जनसुनवाई की जा रही है ताकि लोगों की दिक्कतों को सुनकर मौके पर ही उनका समाधान किया जा सके. इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार जनसेवा को ही सर्वोपरि मानती है.

तथा विकसित और उत्कृष्ट त्योंथर के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन त्योंथर वासियों के हित के लिए शासन को सेवा का माध्यम मानते हुए पारदर्शिता, जवाबदेहिता एवं संवेदनशीलता के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने मे जुटी हुई है. उन्होने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि पात्र हितग्राही शासन की किसी योजना से वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान दिया जाय. जनसुनवाई में विभिन्न प्रशासनिक विभागों अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे.



त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी जनता की समस्या सुनते हुए

## गुढ़ महाविद्यालय में मनाया गया युवा उत्सव

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 5 नवम्बर, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ. मुख्य अतिथि के रूप में एस.डी.एम. गुढ़ सुधाकर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया.**

अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. तिवारी द्वारा की गई. प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि युवा उत्सव केवल प्रतिभा प्रदर्शन का मंच नहीं, बल्कि यह छात्रों में नेतृत्व, सृजनशीलता और सांस्कृतिक चेतना के विकास का अवसर भी है. दो दिनों तक चले इस उत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कलात्मक विधाओं में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया. एकल गायन शास्त्रीय एवं सुगम संगीत. इस विधा में विद्यार्थियों ने सुर, लय और भाव का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया.

प्रथम स्थान आभा शुक्ला, द्वितीय दीपाली कुशवाहा रही. एकल नृत्य विविध शास्त्रीय एवं लोक नृत्य रूपों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं. जिसमें प्रथम



स्थान मोहनी सोनी एवं द्वितीय शरीफुन्न निशा रही युगल गायन में विद्यार्थियों ने तालमेल और सुर-लय के साथ सुंदर प्रस्तुति दी. प्रथम स्थान दीपिका मिश्रा एवं तृतीय स्थान शरीफुन्न निशा रही. ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सामान्य ज्ञान और समसामयिक विषयों पर शानदार प्रदर्शन किया. जिसमें प्रथम पवित्रम मिश्रा, पार्वती द्विवेदी, रेनू सिंह, द्वितीय रक्षा त्रिपाठी, श्रेया तिवारी, पूनम सेन रही. रंगों से सजे सुंदर डिजाइन एवं सृजनात्मकता ने सबका मन मोह लिया. प्रथम स्थान दीपिका मिश्रा एवं द्वितीय निधि कुशवाहा रही. वक्ताओं ने समाज, शिक्षा और युवा शक्ति जैसे विषयों पर प्रभावी अभिव्यक्ति दी. प्रथम श्रेया तिवारी, द्वितीय रक्षा त्रिपाठी रही. विद्यार्थियों ने तबला, ढोलक आदि वाद्य यंत्रों पर अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया, प्रथम शिवांश दुबे रहे. कुशल संयोजन प्रो. रेखा मिश्रा एवं डा. संदीप कपूर द्वारा किया गया.

कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. अरुण सोनी, डॉ. भारत भूषण दुबे, डॉ. उपाध्याय, डॉ. अग्रवाल, डॉ. अमित मिश्रा, डॉ. भीम कुशवाहा, डॉ. स्काई लैम्ब तूफान, डॉ. रामेश्वर सिंह, रेखा पयासी, राममनोहर पटेल, प्रशांत विश्वकर्मा, के.सी. साकेत, गया प्रसाद, दिलीप सिंह, श्रीमती दीपा द्विवेदी, अनिल भारती, रवि साकेत, उदयभान दुबे का सराहनीय योगदान रहा. कार्यक्रम प्राचार्य के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में डॉ. श्रीराम द्विवेदी द्वारा किया गया.

### मऊगंज में किसान संगठनों के साथ बैठक 12 को

**मऊगंज, 5 नवम्बर**, मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में 12 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है. बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे. एसडीएम मऊगंज और हनुमना उप संचालक कृषि, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन तथा विद्युत मंडल, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

## मऊगंज में अपर कलेक्टर ने 41 आवेदन पत्रों में की जनसुनवाई

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 5 नवम्बर, कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के 41 आवेदन पत्रों में जनसुनवाई की.**

अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों पर तत्परता और संवेदनशीलता से कार्यवाही करते हुए सात दिवस में इनका निराकरण करें. आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन



प्रस्तुत करने के साथ आवेदक को भी इसकी सूचना दें. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. जनसुनवाई में पतुलिया साकेत निवासी हनुमना ने पति के स्वामित्व की भूमि में अपना हक दिलाने के लिए आवेदन दिया. अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हनुमना को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए. कुलदीप गर्ग निवासी बरावं ने प्राकृतिक आपदा से क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन दिया. अपर कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए. जनसुनवाई में पीएम किसान सम्मान निधि, शासकीय स्कूल की भूमि से अवैध कब्जा हटाने, जमीन के बंटवारे, मजदूरी भुगतान तथा रोजगार दिलाने संबंधी आवेदनों में सुनवाई की.

## सरकारी शिक्षकों के पास 36 काम, कब पढ़ेंगे छात्र

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 5 नवम्बर, अक्सर लोगों के जुबान पर तकिया कलाम होता है मेरे पास तो 36 काम है, यह सरकारी शिक्षकों पर फिट बैठता है. सरकार ने इन्हें 36 काम सही में दे रखे हैं.**

इन्हें इतने पोर्टल चलाने जरूरी हैं, नहीं चलाए तो गाज गिरनी तय है. शिक्षक सिर्फ बच्चों को बढ़ा नहीं पा रहे, जिसके लिए नियुक्ति हुई थी बांकी सारे 36 काम कर रहे हैं.

बच्चों का भविष्य बनाने के लिए पदस्थ किया है, बस यही काम शिक्षक नहीं कर पा रहे हैं. उन्हें बच्चों को बढ़ाने का मौका ही नहीं दिया जा रहा है. 36 एप शिक्षकों के सिर पर सरकार ने डाल दिया है. हर दिन नया एप लांच होता है और इसे शिक्षा विभाग में लागू कर दिया जाता है. ऐसा नहीं है कि यह एप बहुत ही कामगार है. यह सारे किसी न किसी नेता या फिर आईएएस अधिकारियों के ही अप्रत्यक्ष रूप से होते हैं. इन्हें अनिवार्य कर दिया जाता है. पूरी शिक्षा विभाग इन्हीं एप में उलझी हुई है प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों की तो मानों सामत है. वह बच्चों को पढ़ा नहीं पाते और छात्र संख्या कम होती जा रही है, स्कूलों में ताला लगता जा रहा है. हालात यही रहे तो सरकारी स्कूलें पूरी तरह से ही बंद हो जाएंगी. यह तो सिर्फ आनलाइन काम ही हुआ, इसके अलावा ऑफलाइन काम भी कम नहीं है. इंस्पायर अवार्ड का काम ऑफलाइन भी होता है. स्कूलों में कई तरह की प्रतियोगी परीक्षाएं होती है. इनकी तैयारियां भी कराई जाती हैं. मोगली महोत्सव, ओलंपियाड, स्वच्छता पखवाड़ा, सीएम हेल्पलाइन का निराकरण, स्कूलों का निरीक्षण सहित और भी कई काम शिक्षकों को ऑफलाइन भी करना पड़ता है.

## नष्ट हुई फसल का सर्वे करने नहीं पहुंच रहे खेत में

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 5 नवम्बर, विगत 10 दिनों की लगा तार वर्षा से धान की विशेष कर कटी फसल अंकुरित हो कर, बिलकुल नस्ट हो गयी है. ये धान की कटी फसल शशि भूषण सिंह ग्राम बुढ़िया तहसील रायपुर जिला रीवा के खेत में श्रमिक पंचराज साकेत फसल को सुखाने के लिए पलट रहें हैं.**

कलेक्टर रीवा के आदेश के बाद भी अभी तक सर्वे दल द्वारा सर्वे नही किया जा रहा है, रवी की फसल की तैयारी के लिए किसान इस प्रकार फसल को जब हटा लेगा, तब सर्वे दल के पहुँचने का औचित् नही रहेगा. इसी प्रकार हर जगह का कृषक जल्द से जल्द फसल हटा रहा है, ताकि खेत खाली हो जाए, रीवा जिले में रायपुर और गुढ़ तहसील में ज्यादा नुकसान हुआ है. समाज सेवी विजय बहादुर सिंह परिहार मांग करते हैं, कि तुरंत शासन की मंशा नुसार सर्वे कर छ ति पूर्ति का आकलन पत्रक तहसील के माध्यम से शाशन को भेजे जाय, किसान को राहत दी जाय.

## त्योंथर क्षेत्र में चल रहा है वित्तीय प्रभारी सचिव का खेल, दागी सचिवों को बनाया जा रहा है प्रभारी

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 5 नवम्बर, त्योंथर जनपद पंचायत क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में नियुक्त सचिव के अतिरिक्त अन्य दूसरे पंचायत के सचिवों को वित्तीय प्रभार देने के नाम पर जिस ढंग से वित्तीय अनियमितता का खेल खेला जा रहा है वह चर्चा का विषय बन गया है.**

इस अंचल की अनेक पंचायतें ऐसी हैं जहां वित्तीय अनियमितता के माहिर सचिवों को सरपंचों की सुविधा हेतु वित्तीय प्रभारी बनाया गया है. देखा जाए तो शासकीय मद की राशि का दुरुपयोग करने वाले सचिवों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है. बताया गया है कि मध्य प्रदेश पंचायत अधिनियम में ग्राम पंचायतों में तैनात सचिव के अतिरिक्त अन्य सचिव को वित्तीय प्रभार देने का कोई संवैधानिक अधिकार निहित नहीं है. आकस्मिक व्यवस्था के नाम पर प्रशासनिक स्तर पर कुछ समय के लिए विशेष परिस्थिति में यह व्यवस्था अधिकारियों ने बना लिया है. वित्तीय प्रभार के मामले मे त्योंथर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय के माध्यम से सरपंचों के दबाव में प्रस्ताव बनाकर जिला पंचायत को भेजा जाता है और वहां से मनचाहे सचिन की पदस्थापना करके सरपंच भ्रष्टाचार का खेल खेलते हैं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी त्योंथर ने चर्चा के दौरान एक जानकारी ने बताया है अतिरिक्त सचिव को वित्तीय प्रभार के मामले में निकटतम पंचायत के सचिवों का एक पैनल बनाकर जिला पंचायत को भेजा जाता है जहां से जिला पंचायत के अधिकारी सचिव की नियुक्ति करते हैं. पता चला है कि त्योंथर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेरुआ में एक ऐसे सचिव को प्रभार दिलाया गया है जिसके ऊपर पहले से पंचायत राशि के दुरुपयोग का आरोप है. आरोप है कि रेरुआ पंचायत के सरपंच गेंदालाल के द्वारा वहां के पदस्थ सचिव निरंकार सिंह को निलंबित करवा के दूरस्थ पंचायत नौढ़या के सचिव लाल सोहन सिंह को प्रभार दिलाने का काम किया गया है, जब की ग्राम पंचायत अरेरूआ की नजदीकी ग्राम पंचायत गडरपूर्वा, ग्राम पंचायत बजरा एवं ग्राम पंचायत सोनौरी है जिसकी दूरी 1किलोमीटर से 5 किलोमीटर के भीतर है. प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रेरुआ में शासन द्वारा स्वीकृत सामुदायिक भवन की राशि 25 लाख रुपए के स्थान पर वित्तीय प्रभार प्राप्त सचिव लाल सोहन सिंह एवं सरपंच गेंदालाल द्वारा 29 लाख रूपए से अधिक की राशि निकाल ली गई थी और उसका काम पूरा नहीं कराया गया. उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार जब निरंकार सिंह को सचिव का प्रभार मिला तब लाल सोहन सिंह द्वारा निकल गई 29 लाख से अधिक रुपए का हिसाब सचिव के मांगने पर नहीं दिया गया. जनपद सीईओ के द्वारा सचिव निरंकार सिंह को पुन: निलंबित कर दिया गया और सरपंच गेंदालाल के चहेते उसी सचिव को प्रभार मिला.

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में किया जाएगा मतदाताओं का सत्यापन

### बीएलओ को एन्यूमरेशन फार्म का किया गया वितरण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 5 नवम्बर, निर्वाचन आयोग भारत द्वारा म.प्र. में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है. इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जायेगा.**

इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता. आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है. उन्होंने प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फार्म का प्रतिदिवस



ऐप में इंट्री किये जाने के निर्देश दिये हैं. उल्लेखनीय है कि बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार नाम, पता और बीपीआईसी नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा. नागरिकों से अपेक्षा की गयी है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँचे तथा पुष्टि करें. जिन परिवारों में कोई नया सदस्य एक जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है. उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा. यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके. घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा.